हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 8 मार्च, 2022/17 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - उद्योग मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री तथा वन मन्त्री].

कुल प्रश्न - 54

बस रूट

***4908 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पथ परिवहन निगम के कितने ऐसे रूट हैं जो काफी लंबे समय से बन्द पड़े हैं; सरकार इन बस रूटों को कब तक पुनः चालू करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

धनराशि का ब्यौरा

***4909 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नाबार्ड, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय की गई; योजनाओं का सड़कवार व निर्माण की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

वायु गुणवत्ता

***4910 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक माहवार अंबुजा सीमेंट प्लांट और अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट की परिवेशी वायु गुणवत्ता क्या है;

(ख) इस अवधि में क्या इसकी परिधि में आने वाले गांवों पर अंबुजा सीमेंट लिमिटेड और अल्ट्राटेक सीमेंट ने वायु प्रदूषण के प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई सर्वेक्षण करवाया है;

(ग) यदि हां, तो माहवार उसके आंकड़े दें व इन दोनों सीमेंट संयंत्रों में कितने हिमाचली और गैर-हिमाचली कार्यरत हैं; और

(घ) क्या कोई हिमाचली शीर्ष प्रबन्धन स्तर पर कार्यरत है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

रोड सेफ्टी उपकरण

***4911 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग के कसौली व नालागढ़ मण्डल में रोड सेफ्टी उपकरणों के लिए (सौर आई कैट, स्पीड ब्रेकर, उत्तल दर्पण, रोड बरम) कितनी निविदाएं आमंत्रित की गईं;

(ख) क्या ये निविदाएं ऑनलाइन, ऑफलाइन या डी0एन0आई0टी0 (DNIT) के माध्यम से आमंत्रित की गईं; और

(ग) रोड सेफ्टी उपकरणों की जो सामग्री खरीदी गई उस हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया तथा इसे किस मद के अन्तर्गत जारी किया गया; ब्यौरा दें?

कनिष्ठ सहायकों की पदोन्नति

***4912 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी) :**
डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार द्वारा दिनांक 11.11.2021 की अधिसूचना के अनुसार 7 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण कर चुके कनिष्ठ सहायकों को किन-किन विभागों में वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नत

कर दिया गया है;

(ख) जिन विभागों में अभी तक पदोन्नत नहीं किया गया है, उनका कारणों सहित ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार हिमाचल प्रदेश सचिवालय सहित अन्य विभागों में कब तक इन्हें पदोन्नत करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

स्टोन क्रशर

*4913 **श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कुल कितने स्टोन क्रशर स्थापित हैं तथा स्वीकृति हेतु कितने आवेदन लम्बित हैं; क्रशरों के नाम, मालिकों के नाम, पते व स्थान सहित ब्यौरा दें; और

(ख) जयसिंहपुर में स्थित क्रशरों से सरकार को कितनी आय / रॉयल्टी प्राप्त होती है?

धनोटू विश्राम गृह निर्माण

*4914 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत धनोटू विश्राम गृह का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

सराहन से बठाहड़ सड़क

*4915 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निरमंड खंड की 32 पंचायतों को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क सराहन से बठाहड़ का निर्माण करने की सरकार मंशा रखती है; यदि हां, तो कब तक?

उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिला

***4916 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश के स्थायी निवासी जो अपने रोजगार या स्वयं रोजगार के कारण राज्य से बाहर रह रहे हैं, ऐसे प्रदेशवासियों के बच्चे, जिन्हें समूची शिक्षा दूसरे राज्य से ग्रहण करनी पड़ती है, उन्हें वर्ष 2018 के बाद पी0एम0टी0 और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए, प्रदेशवासियों हेतु निर्धारित 85 प्रतिशत कोटे के तहत प्रतिबन्धित किया गया है; यदि हां, तो सरकार ऐसे छात्रों को प्रदेश के कोटे के तहत दाखिला देने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

AMRUT Yojna

***4917 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest status of AMRUT Yojna in Kullu Municipal Council; details of funds Head-wise sanctioned and progress of utilisation be given; and

(b) how many water ATMs were set-up under this project; have they been put to use; if yes, income generated thereof be given?

ओ0बी0सी0 वर्ग के लिए प्रवेश

***4918 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश के सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में ओ0बी0सी0 वर्ग के लिए प्रवेश में एक कॉलेज में 4 सीटें व शेष महाविद्यालयों में दो-दो सीटों पर आरक्षण दिया जा रहा है; यदि हां, तो यह आरक्षण कौन से नियमों के तहत दिया जा रहा है; इसकी प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) क्या सरकार इन सीटों को राज्य सरकार के आरक्षण की नीति के अन्तर्गत बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

ज़िलों का पुनर्गठन

***4919 श्रीमती आशा कुमारी (डलहौजी) :**
श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार नये ज़िलों का पुनर्गठन करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कौन- कौन से नये ज़िले बनाए जाने प्रस्तावित हैं; इससे कौन-कौन से वर्तमान ज़िलों के क्षेत्र प्रभावित होंगे;

(ख) क्या सरकार ने इसके लिए कोई ज़िला पुनर्गठन आयोग स्थापित किया है; पूर्ण ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार के पास नए ज़िले बनाने की मांग कहां-कहां से आई है; पूर्ण ब्यौरा दें?

सप्लाई ऑर्डर

***4920 श्री अनिल शर्मा (मण्डी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक किन-किन ठेकेदारों को लोक निर्माण मण्डल मण्डी के अन्तर्गत मटीरीयल जैसे कि cateye इत्यादि देने का कार्य दिया गया; नामवार, पतेवार एवं सप्लाई ऑर्डरवार ब्यौरा दें?

नई बसें

***4921 श्री जिया लाल (भरमौर) :**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार पथ परिवहन निगम किलाड़ सब-डिपो को नई बसें उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें; और

(ख) गत 3 वर्षों में चम्बा डिपो को कितनी नई बसें दी गईं; सरकार कितनी नई बसें ले रही है तथा उनमें से चम्बा डिपो को कितनी बसें दी जाएंगी; पूर्ण ब्यौरा दें?

नागरिक अस्पताल सुन्दरनगर तथा डैहर

***4922 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नागरिक अस्पताल सुन्दरनगर में अल्ट्रासाउंड मशीन कब स्थापित की गई; मशीन की स्थापना के उपरान्त क्या यहां पर किसी रेडियोलॉजिस्ट ने अपनी सेवाएं दी हैं; यदि हां, तो कब;

(ख) सरकार रेडियोलॉजिस्ट को इस अस्पताल मे नियुक्त या प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती हैं; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) इन निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नागरिक अस्पताल डैहर के लिए कब तक 108 एंबुलेंस उपलब्ध करवा दी जाएगी; ब्यौरा दें?

आयुर्वैदिक डिस्पेंसरी ठंगी

***4923 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला किन्नौर की ठंगी आयुर्वैदिक डिस्पेंसरी गत छह माह से बंद पड़ी है; यदि हां, तो क्या जिला किन्नौर में अन्य आयुर्वैदिक डिस्पेंसरियां भी बिना एम0ओ0, फार्मासिस्ट व अन्य स्टाफ के रिक्त पदों के कारण बंद पड़ी हैं;

(ख) विभाग ठंगी डिस्पेंसरी को कब तक खोलने का विचार रखता है; और

(ग) जिला किन्नौर में आयुर्वैदिक अधिकारी के 30 स्वीकृत पदों में से 18 पद रिक्त हैं; फार्मासिस्ट के 30 स्वीकृत पदों में से 24 पद रिक्त हैं; विभाग इन पदों को किन कारणों से नहीं भर पा रहा है; क्या विभाग इन सभी डिस्पेंसरियों में आयुर्वैदिक अधिकारी व आयुर्वैदिक फार्मासिस्ट के रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

पदपूर्ति

***4924 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कई स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में विभिन्न

श्रेणियों के पद रिक्त पड़े हैं; यदि हां, तो सरकार कब तक इन रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

जल क्रीड़ा

***4925 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक पर्यटन विभाग द्वारा कहां-कहां पर नई जल क्रीड़ा गतिविधियाँ प्रारम्भ की गईं; पूर्ण ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार हाटकोटी, जिला शिमला में जल क्रीड़ा गतिविधियाँ प्रारम्भ करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

उप-रोजगार कार्यालय

***4926 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि उप-रोजगार कार्यालय श्री नैना देवीजी एक निजी भवन में चल रहा है; सरकार कब तक इस कार्यालय के भवन निर्माण हेतु धनराशि का प्रावधान करेगी; ब्यौरा दें?

प्रगतिशील कार्य

***4927 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत कितनी सड़कों के कार्य प्रगति पर हैं तथा कितने लम्बित हैं; कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

पुलिस चौकी नगरोटा सूरियां

***4928 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पुलिस चौकी नगरोटा सूरियां के भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

Cellular Network

***4929 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is the Government aware that in the last few years Narkanda has developed as an attractive tourist destination; and

(b) is it a fact that the Shilikandli area which is the fastest developing tourist spot has a weak cellular network; if yes, then has the Government taken up this matter with the Telecommunication Department or any other private agency dealing with cellular network; details be given?

बस अड्डा ददाहू

***4930 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बस अड्डा ददाहू के निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है; यदि हां, तो किन कारणों से बस अड्डे का निर्माण कार्य आरम्भ नहीं किया गया है?

पदपूर्ति

***4931 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नव सृजित पी0एच0सी0 ढंगयार व जयहर में डॉक्टरों व स्टाफ के रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

खनन से बाढ़ का खतरा

***4932 श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार फतेहपुर और इन्दौरा के मण्ड क्षेत्र में खनन से हो रहे दुष्प्रभावों (बाढ़ इत्यादि) की रोकथाम हेतु क्या पग उठा रही है?

Promotion of Tourism

***4933 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what steps the Government have taken for promotion of Tourism in Shimla District;

(b) whether Government is planning to develop Water Sports in Sunni and Tourism Circuit in Rampur, Sarahan, Rohru, Chanshal and Shali Tibba Temple; and

(c) what is the latest position of construciton of ropeway at Sarahan to Bashal Kanda in Tehsil Rampur?

धामन पुल

***4934 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बन्जार व सिराज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों को जोड़ने वाले धामन पुल में आए दिन यांत्रिक कमियां आती रहती हैं जिस कारण पुल स्थायी या अस्थायी रूप से बन्द हो सकता है; यदि हां, तो क्या सरकार ऐसी स्थिति में किसी वैकल्पिक मार्ग को खोलने का विचार रखती है; और

(ख) सरकार यहां स्टील ब्रिज के स्थान पर कन्क्रीट पुल निर्माण करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

जी0एस0टी0 वसूली

***4935 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़) :**
श्री होशयार सिंह (देहरा) :
श्री आशीष बुटेल (पालमपुर) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकारी ठेकेदारों से जो जी0एस0टी0 सरकार वसूल करती है, उसे 12% से 18% कर दिया गया है; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(ख) बजरी, रेत व अन्य सामग्री के लिए एम0 फॉर्म भरने की शर्त को सरकार हटाने का विचार रखती है; और

(ग) जब ठेकेदारों द्वारा 30 प्रतिशत कम रेट पर टेंडर भरा जाता है तो सरकार उस टेंडर को रद्द करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

अनापत्ति प्रमाण पत्र

***4936 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार महिला व युवक मण्डलों के पंजीकरण हेतु पंचायत के अनापत्ति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त कर केवल खण्ड विकास अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र को मान्य करने का विचार रखती है; यदि हां,तो कब तक; यदि नहीं, तो कारणों सहित ब्यौरा दें?

Health Institutions

***4937 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that as per the Government Policy every Gram Panchayat should have one health institution; and

(b) if yes, by when the Government will open a health institution in Gram Panchayat Bajuri in Hamirpur Assembly Constituency?

सिविल अस्पताल इन्दौरा

***4938 श्रीमती रीता देवी (इन्दौरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा दिनांक 15.08.2018 को इन्दौरा अस्पताल को 50 बैड अस्पताल बनाने का निर्णय लिया गया था; इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

मण्डल कार्यालय

***4939 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग का मण्डल कार्यालय खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग का मण्डल कार्यालय कब तक खोल दिया जाएगा; विवरण दें?

व्यापारिक गतिविधियां

***4940 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में प्रवासी लोग गाँव-गाँव जाकर मोबाइल (चलती-फिरती) दुकानों के माध्यम से व्यापारिक गतिविधियां चला रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इससे हो रहे राजस्व घाटे, घटिया/अप्रमाणित सामग्री की बिक्री इत्यादि कारणों के दृष्टिगत इन पर प्रतिबंध लगाने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

एम्बुलेंस सड़क

***4941 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन अभ्यारण्य क्षेत्र मंज्याठल की सीमा के अंदर गांवों हेतु एम्बुलेंस सड़क का निर्माण कब तक कर दिया जाएगा?

Data Entry Operators

***4942 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state is it a fact that the Government has recruited various categories of Data Entry Operators in various Departments; whether Government is going to frame policies to make services of Data Entry Operators regular; if yes, by when; if not, reasons thereof?

वैकल्पिक पुल एवं सड़क

***4943 श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि धौलासिद्ध परियोजना के निर्माण से सुजानपुर-आलमपुर के मध्य ब्यास नदी के ऊपर निर्मित पुल को जलमग्न होने का खतरा है; यदि हां, तो सरकार कोई नया वैकल्पिक पुल व सड़क बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

नाबार्ड द्वारा स्वीकृत योजनाएं

***4944 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नाबार्ड में कितनी योजनाएं स्वीकृत हुईं; योजनावार ब्यौरा दें?

नई राहें-नई मंजिलें

***4945 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 'नई राहें-नई मंजिलें' योजना के तहत बागा सराहन को विकसित करने हेतु सरकार विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

मिलावटी शराब की रोकथाम

***4946 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार प्रदेश में नकली और मिलावटी शराब की रोकथाम के लिए ट्रैक एंड ट्रेस प्रणाली लगाने जा रही है; यदि हां, तो क्या सरकार ने इसके लिए टेन्डर कॉल किये हैं; यदि हां, तो इसमें कितनी व किस-किस फर्म / कम्पनियों ने भाग लिया; पूर्ण ब्यौरा दें ?

वन विश्राम गृह निर्माण

***4947 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दूंखरीगाहर लगवेली वन विश्राम गृह निर्माण का भूमि पूजन कब हुआ था; इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी; निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

सेवानिवृत्ति उपरान्त कार्य

***4948 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य विभाग/राज्य स्वास्थ्य समिति (एन0एच0एम0) में सेवानिवृत्ति के उपरांत कितने लोगों को आउटसोर्स/अनुबंध/अन्य किसी भी आधार पर ऑफिस कार्य व अन्य किसी भी पद पर रखा है तथा वे लोग सेवानिवृत्ति के उपरान्त कितने वर्षों से कार्य कर रहे हैं; पेंशन के अलावा उन्हें कितना पारिश्रमिक दिया जा रहा है; ब्यौरा दें?

Allocation of Fund

***4949 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto 31.01.2022, how much fund has been allocated for repair, restoration and maintenance in HPPWD (B&R) North Zone; Division-wise and year-wise details of allocation of funds be given?

ए0डी0जी0 के पद

***4950 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ए0डी0जी0 पुलिस के कितने पद स्वीकृत हैं; इनमें से कितने पद भरे व रिक्त हैं; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

एल & टी कम्पनी को कार्य

***4951 श्री अनिल शर्मा (मण्डी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि एल & टी कम्पनी को एच0पी0आई0डी0सी0 द्वारा कुछ जिलों में फुटब्रिज, पैदल पथ, अंडरग्राउंड केबल इत्यादि योजना का कार्य दिया गया है; और

(ख) यदि मंडी शहर भी इसमें शामिल है तो कौन-कौन सी योजनाएं इसमें शामिल हैं; और

(ग) कितनी धनराशि इसमें व्यय होगी व इसे कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

धनराशि का प्रावधान

***4952 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जनजातीय क्षेत्र भरमौर हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 में ग्रामीण सड़कों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; क्या यह

धनराशि पिछले वर्ष की तुलना में कम आबंटित की गई थी; यदि हां, तो सरकार इस वर्ष धनराशि बढ़ाने का विचार रखती है?

अतिरिक्त भवन

***4953 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के अतिरिक्त भवन का शिलान्यास कब और किसके द्वारा किया गया था; वर्तमान में निर्माण कार्य कितना प्रतिशत किया गया है व इसे कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

रिब्बा कंडा सड़क

***4954 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रिब्बा कंडा सड़क की लम्बाई कितनी है तथा इसके निर्माण का कितना कार्य शेष है; इसका कार्य कब से व किन कारणों से बन्द पड़ा है;

(ख) यह सत्य है कि इस सम्पर्क सड़क के कार्य में फर्जी बिल का मामला पकड़ा गया था; यदि हां, तो ठेकेदार व दोषी अधिकारियों के खिलाफ क्रिमिनल व विभागीय कार्रवाई क्यों नहीं की गई; और

(ग) यह भी सत्य है कि ठंगी सम्पर्क सड़क में भी फर्जीवाड़े का मामला पकड़ा गया था; यदि हां, तो इसमें भी ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई; ब्यौरा दें?

सवर्ण आयोग

***4955 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार सवर्ण आयोग गठित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

रोपवे

***4956 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि केन्द्र द्वारा प्रदेश हेतु 13 रोपवे स्वीकृत किए गए हैं; यदि हां, तो ब्यौरा स्वीकृत धनराशि सहित दें तथा इनका निर्माण कार्य कब तक कर दिया जायेगा; और

(ख) टूटीकंडी से जाखू तक रोपवे का शिलान्यास कब और किसके द्वारा किया गया था; इस रोपवे के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

हेलीपैड निर्माण

***4957 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत खुराणी हेलीपैड का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसके निर्माण कार्य को कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

लैंड यूज़ चेंज

***4958 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में टी0सी0पी0 एक्ट लागू होने के कारण लैंड यूज़ चेंज करने के मामले निदेशालय स्तर पर ही निपटाए जाते हैं जबकि बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लैंड यूज़ चेंज करने के मामले कैबिनेट द्वारा पारित किये जाते हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार बिलासपुर शहर के इन मामलों को अन्य ज़िलों की भांति निदेशालय, शहरी विकास को देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

बस सुविधा

***4959 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली) :**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार ग्राम पंचायत हरनोटा, भौल खास, बनौली, रजोल, जोल व पद्दर हेतु सरकारी बस की सुविधा आरम्भ करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) यह सत्य है कि सरकार ज्वाली बस अड्डे के निर्माण कार्य का ठेका किसी निजी कम्पनी को देने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

108 and 102 Ambulances

***4960 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) which is the new company that has been engaged to provide 108 and 102 Ambulance services, provide a copy of Agreement/ MOU signed with it; have the principle of providing wages as per the direction of the High Court of Himachal Pradesh in its order dated 08.01.2020 and the Court order of the Ld. Judge of the appropriate Authority under the Minimum Wages Act, Shimla, order dated 30.01.2021 incorporated in the agreement/ MOU;

(b) how many Ambulances and employees would be engaged by the company and what money would be provided per Ambulance to the company; have all the employees engaged earlier been offered employment; if not, the reasons for the same; and

(c) what is the paid up capital of the company and when was it established; has it provided Ambulance services any where else in the Country; details be given?

चाइल्ड अडॉप्शन लीव

***4961 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में वर्तमान में महिला कर्मचारियों को कितने दिनों की चाइल्ड अडॉप्शन लीव प्रदान की जाती है; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि केंद्र सरकार द्वारा महिला कर्मचारियों को चाइल्ड अडोप्शन लीव 180 दिनों की दी जाती है; यदि हां, तो प्रदेश सरकार द्वारा इसकी अधिसूचना कब तक जारी कर दी जाएगी?

यशपाल शर्मा,
सचिव।